UP Board Solutions for Class 6 Hindi Chapter 2 अपना स्थान स्वयं बनाइए (मंजरी)

प्रश्न – अभ्यास

प्रश्न 1.
ईमानदारी से कार्य करने का क्या तात्पर्य है? आपको कैसे पता चलता है कि आपके द्वारा कार्य ईमानदारी से किये गए? ईमानदारीपूर्वक कार्य करने के क्या-क्या लाभ हैं?
उत्तर :
ईमानदारी से कार्य करने का तात्पर्य यह है कि, मुझे जो भी कार्य करने को मिले उसे हम बिना किसी लोभ लालच के पूरा करें। ईमानदारी से कार्य करने से आदमी की चारों ओर प्रशंसा होती है। ईमानदारी से काम करने के अनेक लाभ हैं; जैसे-आदमी की विश्वसनीयता बढ़ जाती है। लोग बड़े-बड़े काम देने लगते हैं और जीवन में तरक्की के खूब अवसर मिलते हैं। साथ ही प्रतिष्ठा में भी वृद्धि होती है।

प्रश्न 2.
राजा के सात मंत्री नशे में पाए गए। नशे के क्या-क्या दुष्परिणाम होते है? अपने विचार लिखिए।
उत्तर :
नशा करना एक बुरी बात है। इससे लाभ कुछ नहीं होता, सिर्फ नुकसान ही होता है। नशा करने वाला व्यक्ति कोई भी काम ठीक से नहीं कर पाता। उस पर कोई भरोसा भी नहीं करता। वह अपने परिवार का ठीक से ध्यान भी नहीं रखता। नशा करने वाले व्यक्तियों को समाज मे मान-सम्मान भी नहीं मिलता और पैसे एवं स्वास्थ्य का नुकसान होता है।

कहानी से

प्रश्न 1.
किसने किससे कहा
उत्तर :

	किसने	किससे
(क) मुझे अपने लिए एक आदमी की जरूरत है।	राजा	मंत्री से
(ख) मैंने इसे हजारों मे से छाँटा है और बढ़िया नौकरी से छुड़ा कर लाया हूँ।	मंत्री	राजा से
(ग) मुझे अपने राजा की सेवा करने का मौका मिलेगा।	युवक	मंत्री से
(घ) इससे अफसरों में ढील और बेईमानी पैदा होगी।	वित्त मंत्री	राजा से

प्रश्न 2.
युवक ने कीमती सामान क्यों बेच दिया ?
उत्तर :
दफ्तर का फर्नीचर आदि सामान खरीदने के लिए युवक ने कीमती सामान बेच दिया।

प्रश्न 3.
"हुजूर पैसा तो मैं भी डाल सकता था, पर यदि पैसा कम है और इसके लिए पूछताछ न हुई तो इससे अफसरों में बेईमानी और ढील पैदा होगी।" वित्तमंत्री ने ऐसा क्यों कहा?
उत्तर :
वित्तमंत्री ईमानदार प्रवृति का व्यक्ति है। उसे एक पैसे की भी बेईमानी पसंद नहीं है। वह खुद जैसा ईमानदार है वैसा ही सबसे उम्मीद करता है और वह चाहता है कि राज्य के सभी कर्मचारी पूरी ईमानदारी से अपना कार्य करें। इसीलिए वित्त मंत्री ने ऐसा कहा होगा।

प्रश्न 4.
राजा ने युवक को प्रधानमंत्री क्यों बनाया ?
उत्तर :
राजा ने युवक की ईमानदारी और काम के प्रति लगन से प्रभावित होकर.उसे प्रधानमंत्री बनाया।

प्रश्न 5.
कहानी में किस बात ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया और क्यों ?
उत्तर :
मुझे कहानी में युवक की ईमानदारी, काम के प्रति उसका लगन तथा उत्साह आदि ने मुझे बहुत प्रभावित किया। वह अपने इन्हीं गुणों के कारण एक मामूली चपरासी से पहले वित्तमंत्री और फिर प्रधान मंत्री बना।

भाषा की बात

प्रश्न 1.
निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए – राजा, रात, सोना, दिन, खुश, निगाह
उत्तर :
राजा-नरेश, रात-निशा, सोना-स्वर्ण, दिन-दिवश, खुश-प्रसन्न, निगाह-दृष्टि।

प्रश्न 2.
निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिएं –
उत्तर :

शब्द		विलोम	शब्द		विलोम
उन्नति	-	अवनति	अमीर	-	गरीब
कृतज्ञ	-	कृतघ्न	अच्छा	-	बुरा
बेईमान	-	ईमानदार			

प्रश्न 3.
निम्नलिखित पंक्तियों में उचित विराम चिहनों का प्रयोग कीजिए –
उत्तर :

https://www.evidyarthi.in/

	पंक्ति	उचित विराम चिह्न
(क)	पेन पेन्सिल और रबर लिखने के साधन हैं	पेन, पेंसिल और रबर लिखने के साधन हैं।
(ख)	क्या आपके विद्यालय में कम्प्यूटर है	क्या आपके विद्यालय में कम्प्यूटर है?
(ग)	वाह कितने सुन्दर फूल खिले हैं	वाह! कितने सुंदर फूल खिले हैं।
(घ)	गुरु शिष्य विद्यालय की शोभा हैं	गुरु-शिष्य विद्यालय की शोभा हैं।

प्रश्न 4.
जिन शब्दों के एक से अधिक अर्थ होते हैं उन्हें अनेकार्थी शब्द कहते हैं।
जैसे- हार-गले में पहने जाने वाली माला।
हार-पराजय।
दिये गये अनेकार्थी शब्दों के अर्थ लिखकर उनका वाक्य में प्रयोग कीजिए –
कर, मन, सोना, पत्र
उत्तर :

- **कर – (टैक्स)** – वह अपना आयकर समय से जमा करता है।
- **कर – (सँड़)** – हाथी का कर लंबा होता है।
- **मन – (मन, हृदय)** – वह मन का बुरा नहीं है।
- **मन – (तोल की एक इकाई)** – उसने मुझे एक मन गेंहूँ दिया है।
- **सोना – (सोना-एक क्रिया)** – राहुल को सोने में बहुत आनंद आता है।
- **सोना – (एक धातु)** – सोने के जेवर महिलाओं को बहुत पसंद होते हैं।
- **पत्र – (पत्ता)** – पतझड़ के बाद बसंत में सभी पेड़ों पर नये पत्र लगते हैं।
- **पत्र – (चिठ्ठी)** – मुझे तुम्हारा पत्र मिला।

प्रश्न 5.
संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताने वाले शब्दों को विशेषण कहते हैं। निम्नलिखित पंक्तियों में आये हुए विशेषणों को रेखांकित कीजिए।
उत्तर :

(क) **बढ़िया** नौकरी से छुड़ाकर लाया हूँ।
(ख) दफ्तर सचमुच **शाही** दफ्तर हो गया है।
(ग) उन्होंने **तेज** आवाज में पूछा।
(घ) उसने राजा को **रद्दी** लिफ़ाफ़ों की कहानी सुनाई।
(ङ) सभी मंत्री महल के एक **बड़े** से कमरे में आ गये।
(च) सभी मंत्री बहुत **लज्जित** हुए।